प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

27 मार्च 2025

बैंक ऋण का क्षेत्रवार अभिनियोजन – फरवरी 2025

फरवरी 2025[1] माह के लिए 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्रवार अभिनियोजन संबंधी आंकड़े, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 95 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर देखें तो, खाद्येतर बैंक ऋण[2] 21 फरवरी 2025[3] को समाप्त पखवाड़े की स्थिति के अनुसार 12.0 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जबकि पिछले वर्ष के इसी पखवाड़े में यह 16.6 प्रतिशत था (23 फरवरी 2024)।

बैंक ऋण[3] के क्षेत्रवार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों हेतु प्रदत्त ऋण में 21 फरवरी 2025 को समाप्त पखवाड़े की स्थिति के अनुसार 11.4 प्रतिशत (व-द-व) की वृद्धि दर्ज की गई (पिछले वर्ष के इसी पखवाड़े में 20.0 प्रतिशत)।

- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में 21 फरवरी 2025 को समाप्त पखवाड़े की स्थिति के अनुसार 7.3 प्रतिशत (व-द-व) की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष के इसी पखवाड़े में यह 8.4 प्रतिशत थी। प्रमुख उद्योगों में, 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद एवं परमाणु ईंधन', 'सभी अभियांत्रिकी', 'निर्माण', और 'कागज और कागज उत्पाद' को बकाया ऋण में व-द-व तेज वृद्धि हुई।

- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में 21 फरवरी 2025 को समाप्त पखवाड़े की स्थिति के अनुसार 13.0 प्रतिशत (व-द-व) की वृद्धि दर्ज हुई (पिछले वर्ष के इसी पखवाड़े में 21.4 प्रतिशत), जिसमें 'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों' (एनबीएफसी) हेतु प्रदत्त ऋण में धीमी वृद्धि हुई। तथापि, 'कंप्यूटर सॉफ्टवेयर' की ऋण वृद्धि (व-द-व) में तेजी आई। 'पेशेवर सेवाओं' और 'व्यापार' खंड में ऋण वृद्धि सुदृढ़ बनी रही।

- वैयक्तिक ऋण खंड हेतु प्रदत्त ऋण में 21 फरवरी 2025 को समाप्त पखवाड़े की स्थिति के अनुसार 14.0 प्रतिशत (व-द-व) की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि पिछले वर्ष में यह 18.0 प्रतिशत थी, जिसका मुख्य कारण 'अन्य वैयक्तिक ऋण', 'क्रेडिट कार्ड बकाया' और 'वाहन ऋण' खंडों में वृद्धि दर में गिरावट थी।

अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2474

---

[1] आंकड़े माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।

[2] खाद्येतर ऋण के आंकड़े माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार हेतु धारा-42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।

[3] बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को छोड़कर।